केन्द्रीय विद्यालयसंगठन, भुवनेश्वर संभाग

प्राक् परिषदीय परीक्षा 2025-26

कक्षा : 10वीं,

हिन्दी (पाठ्यक्रम-'अ' : 002)

अधिकतम अंक : 80 **निर्धारित समय : 3घंटे**

सामान्य निर्देश : दिए गए निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए -

- **इस प्रश्न-पत्र में कुल 4 खंड हैं - क, ख, ग, और घ**
- **प्रश्नों का उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए क्रम से दीजिए ।**
- **प्रश्न संख्या व उपप्रश्न की संख्या अवश्य लिखें ।**

प्रश्न संख्या	उप प्र श्न	विषयवस्तु	उप अंक	कुल अंक
		खंड -'क'		
		(अपठित बोध)		
1.		**नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार दीजिए- 1+1+1+2+2=7अंक** भारत में हरित क्रांति का मुख्य उद्देश्य देश को खाद्यान्न मामले में आत्मनिर्भर बनाना था, लेकिन इस बात की आशंका किसी को नहीं थी कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल न सिर्फ खेतों में, बल्कि खेतों से बाहर मंडियों तक में होने लगेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग खाद्यान्न की गुणवत्ता के लिए सही नहीं है, लेकिन जिस रफ़्तार से देश की आबादी बढ़ रही है, उसके मद्देनज़र फ़सलों की अधिक पैदावार ज़रूरी थी। समस्या सिर्फ रासायनिक खादों के प्रयोग की ही नहीं है। देश के ज़्यादातर किसान परंपरागत कृषि से दूर होते जा रहे हैं। दो दशक पहले तक हर किसान के यहाँ गाय, बैल और भैंस खूटों से बँधे मिलते थे। अब इन मवेशियों की जगह ट्रैक्टर-ट्राली ने ले ली है। परिणामस्वरूप गोबर और घूरे की राख से बनी कंपोस्ट खाद खेतों में गिरनी बंद हो गई। पहले चैत-बैसाख में गेहूँ की फ़सल कटने के बाद किसान अपने खेतों में गोबर, राख और पत्तों से बनी जैविक खाद डालते थे। इससे न सिर्फ खेतों की उर्वरा-शक्ति बरकरार रहती थी, बल्कि इससे किसानों को आर्थिक लाभ के अलावा बेहतर गुणवत्ता वाली फसल मिलती थी।		**14 अंक**
	I.	हरित क्रांति की सफलता का कौन-सा अनपेक्षित दुष्परिणाम गद्यांश में प्रमुख रूप से उल्लिखित है? क. किसानों की आर्थिक समृद्धि में कमी ख. भूमि का अभाव ग. खाद्यान्न की गुणवत्ता में गिरावट घ. ग्रामीण पलायन		
	II.	परंपरागत कृषि से दूरी बनाने का सबसे बड़ा पर्यावरणीय परिणाम क्या हुआ? क. जल स्रोतों की बढ़ोतरी ख. मिट्टी की उर्वरा शक्ति में कमी		

		ग. फसल की मात्रा में गिरावट घ. तापमान में वृद्धि	
	III.	**कथन और कारण के आधार पर सही विकल्प चुनिए-** **कथन (A):** रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग दीर्घकाल में हानिकारक सिद्ध हुआ। **कारण (R):** इनसे मिट्टी के प्राकृतिक तत्व और सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं। क. A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है ख. A और R दोनों सही हैं, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है ग. A सही है, R गलत है घ. A गलत है, R सही है	
	नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर 25 से 30 शब्दों में दीजिए-		
	IV.	जैविक खाद के प्रयोग से किसानों को दोहरे लाभ कैसे मिलते थे?	
	V.	रासायनिक खादों और कीटनाशकों के प्रयोग से खाद्यान्न की गुणवत्ता पर क्या प्रभाव पड़ा?	
2.	**नीचे दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस से संबंधित प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -** **1+1+1+2+2=7अंक** पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले! पुस्तकों में है नहीं, छापी गई इसकी कहानी, हाल इसका ज्ञात होता है न औरों की जुबानी, अनगिनत राही गए इस राह से, उनका पता क्या, पर गए कुछ लोग इस पर, छोड़ पैरों की निशानी, यह निशानी मूक होकर भी बहुत कुछ बोलती है, खोल इसका अर्थ, पंथी, पंथ का अनुमान कर ले! पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले! है अनिश्चित किस जगह पर, सरित-गिरि-गह्वर मिलेंगे, है अनिश्चित किस जगह पर, बाग-बन सुंदर मिलेंगे, किस जगह यात्रा खत्म हो जाएगी, यह भी अनिश्चित, है अनिश्चित, कब सुमन, कब कंटकों के सर मिलेंगे, कौन सहसा छूट जाएँगे, मिलेंगे कौन सहसा, आ पड़े कुछ भी, रुकेगा तू न, ऐसी आन कर ले! पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले!	
	I	**कथन और कारण के आधार पर सही विकल्प चुनिए-** **कथन (A):** कवि जीवन में आगे बढ़ने के लिए दृढ़ निश्चय का संदेश देता है। **कारण (R):** क्योंकि मार्ग में आने वाले संकटों से व्यक्ति को रुक जाना चाहिए। क. A सही है, R गलत है ख. A और R दोनों सही हैं ग. A और R दोनों गलत हैं घ. A गलत है, R सही है	

	II	"आ पड़े कुछ भी, रुकेगा तू न" – इस पंक्ति से कवि का कौन-सा भाव प्रकट होता है? क. भय और असमंजस ख. निराशा और असफलता ग. निष्ठा और साहस घ. विनम्रता और संयम	
	III	कवि ने 'पथ' या 'बाट' को किसका प्रतीक माना है? क. अंधकार का ख. ज्ञान की पुस्तक का ग. विश्राम का स्थान घ. संघर्ष और जीवनयात्रा का	
	नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर 25 से 30 शब्दों में दीजिए-		
	IV	कवि ने "पूर्व चलने के बटोही" कहकर किसे संबोधित किया है और क्यों ?	
	V	'निशानी मूक होकर भी बहुत कुछ बोलती है' – यह पंक्ति जीवन के किस सत्य की ओर संकेत करती है?	
	खंड - 'ख' **(व्यावहारिक व्याकरण)**		
3.	**निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर' आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए।**		
	क. उन्होंने जेब से पर्स निकाला और सब्जी वाले को पैसे दिए । **(सरल वाक्य में बदलिए)** ख. तीन साल पहले बने विद्यालय में अब भी शिक्षकों की कमी है । **(संयुक्त वाक्य में बदलिए)** ग. कभी -कभी लगता है कि वे विचित्र व्यक्ति थे । **((आश्रितउपवाक्य का प्रकार लिखिए)** घ. सभागार में दिया गया मेरा उद्बोधन पत्रिका में छपा है । **(मिश्र वाक्य में बदलिए)** ङ. जब मैं कश्मीर गया था तब वहाँ का मौसम ठंडा था । **(आश्रितउपवाक्य का प्रकार लिखिए)**	**1×4 =4 अंक**	**16 अंक**
4.	**निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।**		
	क. सभी श्रोताओं द्वारा कहानी सुनी गई। वाक्य में कौन-सा वाच्य है? ख. आओ नहर में तैरा जाए । वाक्य में कौन सा वाच्य होगा - ग. "सभी बच्चों ने खेल खेला।" वाक्य को कर्मवाच्य में बदलने पर होगा- घ. रोगी को दवा दी गई । वाक्य में निहित वाच्य होगा - ङ. उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ द्वारा शहनाई की दुनिया में अलग पहचान बनाई गई है। कर्तृवाच्य में बदलें।	**1×4 =4 अंक**	
5.	**निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।**		
	क. नेहा यहाँ **<u>इसी</u>** मकान में रहती है। रेखांकित पद का परिचय लिखिए । ख. उसने **<u>मेहनत</u>** से सबकुछ हासिल किया। रेखांकित पद का परिचय लिखिए । ग. हमें राष्ट्रभक्तों का **<u>सम्मान</u>** करना चाहिए। रेखांकित पद का परिचय लिखिए ।	**1×4 =4 अंक**	

	घ. **<u>गरीब</u>** मज़दूर बहुत परिश्रम कर रहा है।- रेखांकित पद का परिचय लिखिए । ङ. **<u>'लाल</u>** गुलाब देखकर मन खुश हो गया।'-रेखांकित पद का परिचय लिखिए ।		
6.	**निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।**		
	क. 'क्रोध में सागर उफनता, पवन गा रहा है मधुर गीत।' – पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? ख. राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार। पंक्ति में निहित अलंकार बताइए । ग. 'शशि-मुख पर घूँघट डाले अंचल में दीप छिपाये'- पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? घ. 'नील गगन-सा शांत हृदय था सो रहा' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? ङ. 'अम्बर में तारे मानो मोती अनगन हैं।' पंक्ति में निहित अलंकार बताइए ।	**1×4 =4 अंक**	
	खंड - 'ग' **(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक से)**		
7.	**नीचे दिए गए पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :** काशी में संगीत - आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा है। यह आयोजन पिछले कई बरसों से संकटमोचन मंदिर में होता आया है। यह मंदिर शहर के दक्षिण में लंका पर स्थित है व हनुमान जयंती के अवसर पर यहाँ पाँच दिनों तक शास्त्रीय उपशास्त्रीय गायन-वादन की उत्कृष्ट सभा होती है। इसमें बिस्मिल्ला खाँ अवश्य रहते हैं । अपने मज़हब के प्रति अत्यधिक समर्पित उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ की श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी के प्रति भी अपार है। वे जब भी काशी से बाहर रहते हैं तब विश्वनाथ व बालाजी मंदिर की दिशा की ओर मुँह करके बैठते हैं, थोड़ी देर ही सही, मगर उसी ओर शहनाई का प्याला घुमा दिया जाता है। काशी आज भी संगीत के स्वर पर जगती और उसी की थापों पर सोती है। काशी में मरण भी मंगल माना गया है। काशी आनंद- कानन है। सबसे बड़ी बात है कि काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ जैसा लय और सुर की तमीज़ सिखाने वाला नायाब हीरा रहा है जो हमेशा से दो क़ौमों को एक होने व आपस में भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देता रहा ।		
	I. बिस्मिल्ला खाँ का समाज में योगदान क्या था? **क)** केवल अपने परिवार को संगीत सिखाना **ख)** मंदिरों में पूजा करना **ग)** दो क़ौमों को एकता और भाईचारे की प्रेरणा देना **घ)** संगीत प्रतियोगिताएँ आयोजित करना	**1× 5 =5 अंक**	
	II. संकटमोचन मंदिर में संगीत आयोजन कब होता है? **क)** दिवाली के अवसर पर **ख)** होली के अवसर पर **ग)** हनुमान जयंती के अवसर पर **घ)** महाशिवरात्रि के अवसर पर		
	III. काशी को गद्यांश में किस रूप में वर्णित किया गया है? **क)** आनंद- कानन **ख)** दुःख-स्थली		

		ग) वीरता-भूमि **घ)** शिक्षण-स्थली		
	IV	**कथन-कारण आधारित सही विकल्प चुनिए -** **कथन:** बिस्मिल्ला खाँ काशी से बाहर रहते समय भी शहनाई उसी दिशा में बजाते थे। **कारण:** उनका काशी विश्वनाथ और बालाजी के प्रति अपार श्रद्धा थी। **क)** कथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण कथन का सही व्याख्याकारक है। **ख)** कथन सही है, कारण गलत है। **ग)** कथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण कथन का सही व्याख्याकारक नहीं है। **घ)** कथन और कारण दोनों गलत हैं।		
	V	**कथन-कारण आधारित सही विकल्प चुनिए -** **कथन:** बिस्मिल्ला खाँ काशी के संगीत आयोजनों में हमेशा उपस्थित रहते थे। **कारण:** उन्हें केवल अपने मज़हब का संगीत ही सीखना पसंद था। **क)** कथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण कथन का सही व्याख्याकारक है। ख) कथन सही है, कारण गलत है। **ग)** कथन गलत है, कारण सही है। **घ)** कथन और कारण दोनों गलत हैं। **उत्तर:** ख) कथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण कथन का सही व्याख्याकारक नहीं है।		**30 अंक**
8.	**क्षितिज-2 के निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए :**			
	क	बालगोबिन भगत ने अपने इकलौते बेटे की मृत्यु होने पर भी गीत-भजन गाकर संगीत-साधना क्यों जारी रखी? बालगोबिन भगत पाठ के आधार पर लिखिए ।	**2× 3 =6 अंक**	
	ख	कैप्टन की मृत्यु के बाद जब लेखक कस्बे में पहुँचे तो उन्होंने रुकने से इंकार कर दिया । लेखक का मूर्ति को देखकर रुकने से इंकार करना उनके किस व्यक्तित्व और भावनाओं को दर्शाता है ?		
	ग	उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ की काशी और उसके मंदिरों के प्रति श्रद्धा किस प्रकार प्रकट होती है? नौबतखाने में इबादत पाठ के आधार पर लिखिए ।		
	घ	आग के आविष्कार में कदाचित् पेट की ज्वाला की प्रेरणा एक कारण रही। संस्कृति पाठ के इस वाक्य के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है ।		
9.	**नीचे दिए गए क्षितिज-2 के काव्यखंड पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : "लखन कहा हँसि हमरें जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना।।** का छति लाभु जून धनु तोरें। देखा राम नयन के भोरें।। छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू। मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू।। बोले चितइ परसु की ओरा। रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा।। बालकु बोलि बधउँ नहिं तोही। केवल मुनि जड़ जानहि मोह।।		

	बाल ब्रह्मचारी अति कोही। बिस्व बिदित छत्रियकुल द्रोही।। भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही। बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही।। सहसबाहु भुज छेदनिहारा। परसु बिलोकु महीपकुमारा।। मातु पितहि जनि सोचबस करसि महीसकिसोर। गर्भन्ह के अर्भक दलन परसु मोर अति घोर।।"		
	I.	"लखन कहा हँसि हमरें जाना" में लक्ष्मण किस भाव से बोल रहे हैं? क. क्रोध भाव से ख. विनम्रता से ग. व्यंग्य और हास्य से घ. भय के कारण	**1× 5 =5 अंक**
	II.	"बोले चितइ परसु की ओरा" पंक्ति में परसु का अर्थ है – क. शास्त्र ख. फरसा ग. धनुष घ. कवच	
	III.	"बालकु बोलि बधउँ नहिं तोही" में परशुराम का कथन किसका प्रतीक है? क. करुणा का ख. क्षमा और अहंकार दोनों का ग. सरलता का घ. विवेक का	
	IV.	कथन और कारण पढ़कर उत्तर दीजिये - कथन (A): लक्ष्मण ने परशुराम को 'देव' कहकर संबोधित किया। कारण (R): लक्ष्मण परशुराम का सम्मान करते हुए भी व्यंग्य कर रहे थे। क. A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है। ख. A सही है, पर R गलत है। ग. A गलत है, पर R सही है। घ. दोनों गलत हैं।	
	V.	कथन और कारण पढ़कर उत्तर दीजिये - कथन (A): "गर्भन्ह के अर्भक दलन परसु मोर अति घोर" से परशुराम के स्वभाव की कठोरता झलकती है। कारण (R): वे अपने परशु को केवल प्रतीकात्मक रूप से प्रयोग करते थे। क. A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है। ख. A सही है, पर R गलत है। ग. A गलत है, पर R सही है। घ. दोनों गलत हैं।	
10.	**क्षितिज-2 की निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए :**		**2×**
	क	गोपियों ने स्वयं को अबला और भोली कहा है ? ऐसा कहने के पीछे क्या कारण हो सकता है ?	**3**

	ख	बिहसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महा भटमानी।। पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारू। चहत उड़ावन फूँकि पहारू।। उपर्युक्त पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।	**=6 अंक**	
	ग	आत्मकथ्य कविता के माध्यम से प्रसाद जी के व्यक्तित्व की जो झलक मिलती है, उसका चित्रांकन कीजिए ।		
	घ	एक संगतकार गायक के गायन में किस प्रकार की जिम्मेदारी निभाता है? संगतकार कविता के अनुसार उत्तर दीजिए ।		
11.	**पूरक पाठ्य पुस्तक कृतिका-2 के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में लिखिए :**			
	क	भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री थी जिससे वे एक साथ खेलते थे । आपकी भी कुछ खेल सामग्रियाँ होंगी । भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री, आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है?	**4× 2 =8 अंक**	
	ख	धर्म चक्र को लेखिका ने कहाँ देखा था ? उसे देखकर लेखिका के मन में उपजे विचारों को लिखिए ।		
	ग	हिरोशिमा पर लिखी कविता लेखक के अंत: व बाह्य दोनों दबाव का परिणाम है यह आप कैसे कह सकते हैं? मैं क्यों लिखता हूँ? के आधार पर बताइए ।		
		खंड - 'घ' **(रचनात्मक लेखन)**		
12.	**निम्नलिखित विषय-वस्तुओं में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद संकेत बिंदुओं के आधार पर लिखिए ।** **क. साइबर सुरक्षा : जागरूकता ही समाधान** संकेत बिंदु :- भूमिका साइबर सुरक्षा का अर्थ वर्तमान में चर्चा का कारण जागरूकता का प्रभाव **ख. सौर ऊर्जा : सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा** संकेत बिंदु :- भूमिका सौर ऊर्जा का स्रोत देश के लिए क्यों आवश्यक सौर ऊर्जा से लाभ **ग. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस** संकेत बिंदु :- भूमिका अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उद्देश्य	**6 अंक**	**20 अंक**

	संसार की लगभग आधी आबादी महिलाओं की स्थिति पर प्रभाव		
13.	**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए -** क. आप सागर/श्वेता हैं । आपके नगर में सड़क की खराब स्थिति के कारण दुर्घटनाएँ हो रही हैं। नगर पालिका के अधिकारी को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराएँ और सड़क सुधार की मांग करें। **अथवा** ख. आप सागर/श्वेता हैं । आपको अपने नगर में "स्वच्छता अभियान" के आयोजन के लिए स्थानीय नगरपालिका से सहयोग चाहिए। सहयोग की मांग करते हुए नगरपालिका अधिकारी को पत्र लिखकर कीजिए ।	**5 अंक**	
14.	क. आप राजन/रजनी है। केंद्रीय विद्यालय संगठन में हिंदी शिक्षक पद खाली हैं । आप उस पद के योग्य हैं । इसके लिए अपनी योग्यता और अनुभव का उल्लेख करते हुए एक स्ववृत्त तैयार कीजिए **अथवा** ख. आप राजन/रजनी हैं। आपका खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सरोजनीनगर दिल्ली शाखा में है । आपके बैंक खाते में नेट बैंकिंग की सुविधा प्राप्त करने के लिए स्टेट बैंक आफ इंडिया के प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में ईमेल लिखिए ।	**5 अंक**	
15.	क. "स्वच्छ भारत अभियान" के तहत लोगों को जागरूक करते हुए एक आकर्षक व छोटा विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । **अथवा** ख. "प्लास्टिक मुक्त सप्ताह" कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लोगों को आमंत्रित करते हुए देश के पर्यावरण मंत्री का एक संदेश लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।	**4 अंक**	

**********××**********××××**********××******